# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES – Paper I

**कोड:** URC-G-GSU
समय / **Time Allowed:** 3 घंटे / Three Hours
अधिकतम अंक / **Maximum Marks:** 250

---

## 📌 प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश / Question Paper Specific Instructions

- कुल 20 प्रश्न दिए गए हैं, जो हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में छपे हुए हैं।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।
- उत्तर केवल उस प्राधिकृत माध्यम में ही लिखे जाएँ, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है। इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका **(QCA Booklet)** के मुख पृष्ठ पर किया जाना चाहिए।
- प्रश्न **1** से **10** तक के उत्तर **150** शब्दों में तथा प्रश्न **11** से **20** तक के उत्तर **250** शब्दों में लिखे जाने हैं।
- शब्द सीमा का पालन आवश्यक है।
- उत्तर पुस्तिका में कोई पृष्ठ यदि खाली छोड़ें, तो उसे स्पष्ट रूप से काट देना चाहिए।

---

## 📖 प्रश्न / Questions

### 150 शब्दों में उत्तर दीजिए / Answer in 150 words

**Q1.** शैलकृत स्थापत्य प्रारंभिक भारतीय कला एवं इतिहास के ज्ञान के अति महत्वपूर्ण स्रोतों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।
**The rock-cut architecture represents one of the most important sources of our knowledge of early Indian art and history.**

**Q2.** भारत में बौद्ध धर्म के इतिहास में पाल काल अति महत्त्वपूर्ण चरण है।
**Pala period is the most significant phase in the history of Buddhism in India.**

**Q3.** लॉर्ड कर्जन की नीतियों एवं राष्ट्रीय आंदोलन पर उनके दूरगामी प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए।
**Evaluate the policies of Lord Curzon and their long-term implications on the national movement.**

**Q4.** परि-प्रशान्त क्षेत्र के भू-भौतिकीय अभिलक्षणों का विवेचन कीजिए।
**Discuss the geophysical characteristics of Circum-Pacific Zone.**

**Q5.** मरुस्थलीकरण के प्रक्रम की जलवायविक सीमाएँ नहीं होती हैं। उदाहरणों सहित औचित्य सिद्ध कीजिए।
**The process of desertification does not have climatic boundaries. Justify with examples.**

**Q6.** हिमालय के हिमनदों के पिघलने का भारत के जल-संसाधनों पर किस प्रकार दूरगामी प्रभाव होगा?
**How will the melting of Himalayan glaciers have a far-reaching impact on the water resources of India?**

**Q7.** लौह एवं इस्पात उद्योगों की वर्तमान में कच्चे माल के स्रोत से दूर स्थिति के उदाहरण सहित कारण बताइए।
**Account for the present location of iron and steel industries away from the source of raw material, by giving examples.**

**Q8.** बहु-सांस्कृतिक भारतीय समाज को समझने में क्या जाति की प्रासंगिकता समाप्त हो गई है? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।
**Has caste lost its relevance in understanding the multi-cultural Indian Society? Elaborate your answer with illustrations.**

ojaank Gurukul | IAS

**Q9.** कोविड-19 महामारी ने भारत में वर्ग असमानताओं एवं ग़रीबी को गति दी है। टिप्पणी कीजिए।
**COVID-19 pandemic accelerated class inequalities and poverty in India. Comment.**

**Q10.** क्या आप सहमत हैं कि भारत में क्षेत्रीयता बढ़ती हुई सांस्कृतिक मुखरता का परिणाम प्रतीत होती है? तर्क दीजिए।
**Do you agree that regionalism in India appears to be a consequence of rising cultural assertiveness? Argue.**

---

### 250 शब्दों में उत्तर दीजिए / Answer in 250 words

**Q11.** भारतीय दर्शन एवं परम्परा ने भारतीय स्मारकों की कल्पना, आकार और कला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
**Indian philosophy and tradition played a significant role in conceiving and shaping the monuments and their art in India.**

**Q12.** मध्यकालीन भारत के फ़ारसी साहित्यिक स्रोत उस काल के युगबोध का प्रतिबिंब हैं।
**Persian literary sources of medieval India reflect the spirit of the age.**

**Q13.** 1920 के दशक से राष्ट्रीय आंदोलन ने कई वैचारिक धाराओं को ग्रहण किया और सामाजिक आधार बढ़ाया।
**Since the decade of the 1920s, the national movement acquired various ideological strands and expanded its social base.**

**Q14.** नदियों को आपस में जोड़ना सूखा, बाढ़ और बाधित जल-परिवहन जैसी बहु-आयामी समस्याओं का व्यवहार्य समाधान हो सकता है। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

**The interlinking of rivers can provide viable solutions to the multi-dimensional problems of droughts, floods and interrupted navigation. Critically examine.**

**Q15.** भारत के दशलक्षीय नगरों (जैसे हैदराबाद और पुणे) में बाढ़ के कारण बताइए। स्थायी समाधान सुझाइए।
**Account for the huge flooding of million-plus cities in India including Hyderabad and Pune. Suggest lasting remedial measures.**

**Q16.** भारत में सौर ऊर्जा की प्रचुर संभावनाएँ हैं, यद्यपि इसके विकास में क्षेत्रीय भिन्नताएँ हैं।
**India has immense potential of solar energy though there are regional variations in its development.**

**Q17.** भारत के वन संसाधनों की स्थिति एवं जलवायु परिवर्तन पर उनके प्रभावों का परीक्षण कीजिए।
**Examine the status of forest resources of India and their impact on climate change.**

**Q18.** क्या भारत में विविधता एवं बहुलवाद वैश्वीकरण के कारण संकट में हैं? औचित्य सहित उत्तर दीजिए।
**Is diversity and pluralism in India under threat due to globalization? Justify your answer.**

**Q19.** रीति-रिवाजों एवं परम्पराओं द्वारा तर्क को दबाने से प्रगतिविरोध उत्पन्न होता है। क्या आप सहमत हैं?
**Customs and traditions suppress reason leading to obscurantism. Do you agree?**

**Q20.** भारत में डिजिटल पहलों ने शिक्षा व्यवस्था के संचालन में किस प्रकार योगदान दिया है?
**How have digital initiatives in India contributed to the functioning of the education system in the country?**

---

Ojaank Gurukul | IAS